रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D. (D. N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 23, 1985/चैत्र 2, 1907
No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 23, 1985/CHAITRA 2, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली, 8 मार्च, 1985

का.आ. 1198.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित अपराधों को उन अपराधों के रूप में विनिर्दिष्ट करती है जिनका अन्वेषण दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन द्वारा किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 292 के अधीन दण्डनीय अपराध;

(ख) ऊपर उल्लिखित अपराध और उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न होने वाले वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किया गया कोई अन्य अपराध, या उनके संबंध में या उनसे संसक्त कोई प्रयत्न, दुष्प्रेरण और षडयंत्र ।

[संख्या 228/8/85-ए.वी.डी. (II)]

DEPARTMENT OF PERSONNEL AND ADMINISTRATIVE REFORMS

New Delhi, the 8th March, 1985

S.O. 1198.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government hereby specifies the following offences as offences which are to be investigated by the Delhi Special Police Establishment, namely :—

(a) Offence punishable under section 292 of Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860).

(b) Attempts, abetments and conspiracies in relation to, or in connection with the offence mentioned above, and any other offence committed in the course of the same transaction arising out of the same facts.

[No. 228/8/85-AVD.II]

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1985

आदेश

का.आ. 1199.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान सरकार की सहमति से भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 147, 149, 307, 427 के अधीन दंडनीय

अपराधों के और उक्त अपराधों के संबंध में या उनसे संबंधित प्रयत्नों, दुष्प्रेरणों और षड़यंत्रों के तथा मुख्यमंत्री, राजस्थान, के हैलीकोप्टर के अभिकथित नुकसान के बारे में पुलिस थाना, डीग, जिला भरतपुर, में मामला सं. 35/85, तारीख 20 फरवरी, 1985 के संबंध में वैसे ही तथ्यों से उद्भूत जैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए किसी अन्य अपराध के अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण संपूर्ण राजस्थान राज्य पर करती है।

[संख्या 228/6/85-ए वी डी-II-I]

New Delhi, the 13th March, 1985

ORDERS

S.O. 1199.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government of Rajasthan hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Rajasthan for the investigation of offences punishable under sections 147, 149, 307, 427 of the Indian Penal Code 1860 (45 of 1860), and attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offence committed in the course of the same transaction arising out of the same facts in regard to case No. 35/85, dated the 20th February 1985 registered at Police Station Deeg, District Bharatpur about the alleged damaging the Helicopter of the Chief Minister, Rajasthan.

[No. 228/6/85-AVD-II—I]

का.आ. 1200.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान सरकार की सहमति से भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 147, 149, 307, 427 के अधीन दंडनीय अपराधों के और उक्त अपराधों के संबंध में या उनसे संबंधित प्रयत्नों, दुष्प्रेरणों और षड़यंत्रों के तथा उस मंच, जहां से मुख्य मंत्री, राजस्थान, को सार्वजनिक सभा को संबोधित करना था, के अभिकथित नुकसान के संबंध में, पुलिस थाना, डीग, जिला भरतपुर (राजस्थान) में रजिस्ट्रीकृत मामला सं. 34/85, तारीख 20 फरवरी, 1985 के संबंध में वैसे ही तथ्यों से उद्भूत वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए किसी अन्य अपराध के अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण सम्पूर्ण राजस्थान राज्य पर करती है ।

[सं. 228/6/85-ए वी डी-II-II]

S.O. 1200.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the Government of Rajasthan hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Rajasthan for the investigation of offences punishable under sections 147, 149, 307, 427 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860), and attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offence committed in the course of the same transaction arising out of the same facts in regard to case No. 34/85, dated the 20th Feb., 1985 registered at Police Station Deeg, District Bharatpur (Rajasthan), relating to the alleged damage to Rostrum from where the Chief Minister, Rajasthan, was to address the public meeting.

[No. 228/6/85-AVD-(II)]

का.आ. 1201.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान सरकार की सहमति से भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 147, 148, 149, 332, 353, 307 और 323 के अधीन दंडनीय अपराधों के और, उक्त अपराधों के संबंध में या उनसे संबंधित प्रयत्नों, दुष्प्रेरणों और षड़यंत्रों के तथा पुलिस द्वारा रजिस्ट्रीकृत उस अभिकथित मुठभेड़, जिसमें श्री मान सिंह, विधान सभा सदस्य मारे गये थे और दो अन्य व्यक्तियों की क्षति से मृत्यु हो गई थी, से संबंधित, पुलिस थाना, डीग, जिला भरतपुर (राजस्थान) में रजिस्ट्रीकृत मामला सं. 37/85, तारीख 21 फरवरी, 1985 के संबंध में वैसे ही तथ्यों से उद्भूत वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए किसी अन्य अपराध के अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण संपूर्ण राजस्थान राज्य पर करती है ।

[सं. 228/6/85-ए वी डी-II-III]

एम. एस. प्रसाद, अवर सचिव ।

S.O. 1201.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the Government of Rajasthan hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Rajasthan for the investigation of offences punishable under sections 147, 148, 149, 332, 353, 307 and 323 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860), and attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offences committed in the course of the same transaction arising out of the same facts in regard to Case No. 37/85, dated the 21st Feb., 1985 registered at Police Station Deeg, District Bharatpur (Rajasthan) relating to the alleged encounter registered by the Police in which Sri Man Singh M.L.A. was killed and two others succumbed to injuries.

[No. 228/6/85-AVD.II(III)]

M. S. PRASAD, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 1985

(आय-कर)

का.आ. 1202.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा (2) (ख) द्वारा

प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, उक्त खण्ड के प्रयोजनार्थ, "दि स्वयम् प्रकाश ईश्वर टेम्पल कट्टम्मानार कोइल, तमिलनाडु" को सम्पूर्ण तमिलनाडु राज्य में विख्यात सार्वजनिक पूजास्थल के रूप में अधिसूचित करती है ।

[सं. 6093/फा.सं. 176/64/84-आ.क. (नि.-I)]

MINISTRY OF FINANCE
(Department of Revenue)
New Delhi, the 2nd January, 1985

(INCOME-TAX)

S.O. 1202.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "The Sri Swayam Prakasa Eswarar Temple, Kattummannar Koil, Tamil Nadu" to be a place of public, worship of renown throughout the State of Tamil Nadu.

[No. 6093/F. No. 176/64/84-IT(AI)]

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 8 जून, 1984

(आयकर)

का. आ. 1203.—यतः आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने दिनांक 23-3-1982 की अधिसूचना सं. 4529 (फा. सं. 187/28/81-आ.क. (नि.-1) के द्वारा बम्बई सिटी I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI तथा XII के आयकर आयुक्तों के समवर्ती क्षेत्राधिकार आयकर आयुक्त (जांच), बम्बई को प्रदत्त किये हैं, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड धारा 121 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा निदेश देता है कि इसके साथ संलग्न अनुसूची के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट आयकर आयुक्त जिसका प्रधान कार्यालय उक्त अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट है, उक्त अनुसूची के स्तम्भ (3) में यथा उल्लिखित ऐसे मामलों अथवा मामलों की श्रेणियों के संबंध में अकेले कार्यों का निर्वहण करेगा और बम्बई सिटी I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI तथा XII के आयकर आयुक्त उक्त अनुसूची के स्तम्भ 3 में यथा उल्लिखित मामलों अथवा मामला की श्रेणियों के संबंध में कार्य नहीं करेंगे ।

अनुसूची

आयकर आयुक्त	प्रधान-कार्यालय	क्षेत्राधिकार
1	2	3
जांच, बम्बई	बम्बई	(क) आयकर आयुक्त बम्बई सिटी I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI तथा XII के क्षेत्राधिकार में आने वाले क्षेत्रों के संबंध में सर्वेक्षण की सामान्य शक्तियां । (ख) आयकर आयुक्त, बम्बई सिटी I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX X XI तथा XII के क्षेत्राधिकार में आने वाले सर्वेक्षण/वार्ड/परिमण्डल जिनमें बम्बई सिटी के आयकर आयुक्त के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित मामलों को छोड़कर, कोई कर निर्धारण नहीं किया गया है तथा जहां या तो आय का विवरण पहली बार दाखिल की गई है या आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139(2)/148 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है या जारी किया जाना है:— (i) कंपनी परिमंडल (ii) वेतन परिमंडल (iii) न्यास परिमंडल (iv) व्यावसायिक परिमंडल (v) एक्स वार्ड (vi) फिल्म परिमंडल (vii) बम्बई वापसी परिमंडल (viii) अनिवासी वापसी परिमंडल (ix) विदेशी कंपनी परिमंडल, तथा (x) विदेश अनुभाग । परन्तु आयकर आयुक्त (जांच) बम्बई का क्षेत्राधिकार सर्वेक्षण परिमंडलों/वार्डों के उन मामलों में 15-6-84 को या उसके बाद समाप्त हो जाएगा जहां 31-3-84 तक कम से कम एक कर निर्धारण पूरा हो गया है । ऐसे मामलों के संबंध में क्षेत्राधिकार यथावस्था, ऐसे मामलों के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारिता आयकर आयुक्त बम्बई सिटी I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII IX, X, XI, तथा XII में निहित होगी: बशर्ते कि ऐसी विवरणियों पर से जिन्हें पहली बार 15-6-1984 को या उसके बाद दाखिल किया जाता है तथा जिनमें कोई कर-निर्धारण नहीं किया गया है तथा/अथवा जिनमें धारा 139(2)/148 के अंतर्गत नोटिस जारी नहीं किये गये हैं, कालम 1 में उल्लिखित आयकर आयुक्त जांच का क्षेत्राधिकार समाप्त हो जाएगा । (ग) (i) सर्वेक्षण परिमंडल-I (ii) सर्वेक्षण परिमंडल-II (iii) कर निर्धारण परिमंडल-XI (iv) आयकर आयुक्त (जांच) बम्बई द्वारा धारा 124(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाया गया कोई अन्य परिमंडल ।

यह अधिसूचना 15-6-1984 से प्रभावी होगी ।

[सं. 5855/फा. सं. 187/17/84-आ. क. (नि.-I)]

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 8th June, 1984

(INCOME-TAX)

S.O. 1203.—Whereas in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 121 of the Income-tax Act, 1961

(43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes vide Notification No. 4529 (F. No. 187 28/81-IT(AI) dated 23-3-1982 have conferred on Commissioner of Income-tax, Investigation Bombay jurisdiction concurrent with those of the Commissioners of Income-tax, Bombay City-I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII IX, X, XI & XII, the Central Board of Direct Taxes in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 121, and in supersession of all earlier notifications issued in this regard here by directs that the Commissioner of Income-tax specified in column 1 of the Schedule hereto annexed with headquarters specified in column (2) thereof shall alone perform functions in respect of such cases or classes of cases as are referred to in column (3) of the said schedule and the Commissioners of Income tax, Bombay City-I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI and XII shall not exercise functions over the cases of classes of cases as are referred to in column 3 of the said schedule.

SCHEDULE

Commissioner of Income-Tax	Headquarters	Jurisidiction
1	2	3
Investigation, Bombay.	Bombay	(a) General power of survey in respect of areas comprised in the jurisdiction of Commissioners, of Income-tax, Bombay City-I II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX X, XI, and XII. (b) Survey Cards/Circles dealing with cases falling in the jurisdiction of Commissioners of Income-tax, Bombay City-I, II III, IV, V, VI, VII, VIII, IX X, XI & XII in which no assessment has been made and where either a return of income has been filed for the first time or a notice under section 139(2)/ 148 of the Income-tax Act, 196 is issued or is to be issued, excluding those cases coming under the jurisdiction of following income-tax Circles/Wards/ Sections :— (i) Companies Circles, (ii) Salaries Circles, (iii) Trust Circle, (iv) Professional Circle, (v) X-Ward, (vi) Film Circle. (vii) Bombay Refund Circle, (viii) Non-Residents efund Circle (ix) Foreign Companies Circles, and (x) Foreign Section. Provided that the Commissioner of Income-tax (Investigation), Bombay, would cease to have jurisdiction on or after 15-5-1984 over cases of Survey Circles/ Wards where at least one assessment has been completed upto 15-5-1984. In respect of such cases jurisdiction would stand vested with the Commissioners, of Income-tax, Bombay City-I II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI & XII as the cases may be having territorial jurisdiction in respect of such cases. Provided further that the jurisdiction over returns filed for the first time on or after 15-6-1984 and where no assessment has been made and/or where notices under section 139(2)/148 have not been issued will cases to lie with the C.I.T. (Inv.) mentioned in Column 1. (c) (i) Survey Circle-I, (ii) Survey Circle-II, (iii) Assessment Circle-XI, (iv) Any other circle created by the CIT(Inv.), Bombay, under the powers vested in him u/s. 124(1).

This notification comes into effect from 15-6-1984.

[No. 5855(F.No. 187/17/84-IT/AI)]

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 16 फरवरी, 1985

(आयकर)

का.आ. 1204—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23C) के उपखंड (v) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, दिनांक 12-9-1984 की अपनी अधिसूचना सं. 5976 (फा. सं. 197-ए/27/82-आ.क. (नि०1) में निम्नलिखित शुद्धि करती है :—

"श्री राघवेन्द्रस्वामी भट्ट,
तुंगभद्रा (आंध्र प्रदेश)"

के स्थान पर

"श्री राघवेन्द्रस्वामी भट्ट,
मंत्रालय (आंध्र प्रदेश)"

पढ़ें

[सं. 6158/फा.सं. 197-ए/27/82-आ.क. (नि.1)]

(Department of Revenue)

New Delhi, the 16th February, 1985

(INCOME-TAX)

S.O. 1204.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23C) of Section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby makes the following correction in its Notification No. 5976 (F.No. 197A/27/82-IT (AI), dated 12-9-84.

For

"Shri Raghavendraswamy Mutt, Tungabhadra (Andhra Pradesh)"

Read

"Shri Raghavendraswamy Mutt, Mantralayam (Andhra Pradesh)";

[No. 6158/F. No. 197-A/27/82-IT (AI)]

नई दिल्ली, 18 फरवरी, 1985

(आयकर)

का आ. 1205 आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23 ग) के उपखंड (v) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा उक्त धारा के प्रयोजनार्थ, "दि इंस्टिट्यूट आफ फ्रांसिस्कन मिशनरीज आफ मेरी सोसाइटी नं. 10, कान्वेंट आफ अवर लेडी आफ वेलांगन्नी, थामसपुरम," को कर-निर्धारण वर्ष 1982-83 से 1984-85 तक के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए अधिसूचित करती है।

[सं. 6159/फा. सं. 197/161/82-आ. क. (नि. I)]

आर. के. तिवारी, अवर सचिव

New Delhi, the 18th February, 1985

(INCOME-TAX)

S.O. 1205.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23C) of Section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "The Institute of Franciscan Missionaries of Mary Society No. 10, Convent of Our Lady of Velanganni, Thomaspuram" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1982-83 to 1984-85.

[No. 6159/F. No. 197/161/82-IT(AI)]

R. K. TEWARI, Under Secy.

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली 17 जनवरी, 1985

(आयकर)

का. आ. 1206.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली एतद्द्वारा अपनी दिनांक 27-8-82 (फा. सं. 261/9/81-आ. क. न्या. की) अधिसूचना सं. 4881 से संलग्न अनुसूची में भूतलक्षी प्रभावों से निम्नलिखित संशोधन करता है।

अपीलीय सहायक आयुक्त-ख. रेंज, जबलपुर के सामने उक्त अनुसूची में स्तंभ सं. 2 के अंतर्गत क्रम सं. 5 पर विद्यमान प्रविष्टि, अर्थात् "आयकर अधिकारी, सर्वेक्षण परिमंडल, जबलपुर" को नीचे दिये अनुसार प्रतिस्थापित किया जायगा :—

"5. आयकर अधिकारी, ज वार्ड, जबलपुर।"

अपीलीय सहायक आयुक्त ख. रेंज, रायपुर के सामने उक्त अनुसूची में स्तंभ सं. 2 के अंतर्गत क्रम सं. 4 पर विद्यमान प्रविष्टि, अर्थात् "आयकर अधिकारी सर्वेक्षण परिमंडल, रायपुर" को नीचे दिये अनुसार प्रतिस्थापित किया जायगा :—

"4. आयकर अधिकारी, ज. वार्ड, रायपुर।"

यह अधिसूचना 1-12-1984 से प्रभावी होगी।

[सं. 6113/फा. सं. 261/1/85-आ. क. न्या.]

कल्याण चंद, अवर सचिव,

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 17th January, 1985

(INCOME-TAX)

S.O. 1206.—In exercise of powers conferred by sub-section (1) of Section 122 of Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and all other powers enabling it in the behalf, the Central notifies "The Institute of Franciscan Missionaries of Mary ing retrospective amendment in the Schedule appended to its Notification No. 4881 dated 27-8-82 (F. No. 261/9/81-ITJ) :-

In the said Schedule against A.A.C. B-Range, Jabalpur the existing entry at S. No. 5 under Col. No. 2 viz. "ITO, Survey Circle, Jabalpur" shall be substituted as under :—

"5. I.T.O., H-Ward, Jabalpur."

In the said Schedule against A.A.C. B-Range, Raipur the existing entry at S No. 4 under Col. 2, viz. "I.T.O., Survey Circle, Raipur, shall be substituted as under :—

"4. I.T.O. H-Ward, Raipur."

This Notification shall take effect from 1-12-84.

[No. 6113/F. No. 261/1/85-ITJ]

KALYAN CHAND, Under Secy.
Central Board of Direct Taxes

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1985

आयकर

का० आ० 1207 सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम, 1962 के नियम 6 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खंड (ii) के प्रयोजनों के लिए "संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(1) यह कि ई.एफ.आई. सोशल एंड लेबर रिसर्च फाउन्डेशन, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए उसके द्वारा प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रहेगा।

(2) यह कि उक्त इंस्टिट्यूट उपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी, विहित प्राधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में

प्रति वर्ष 30 अप्रैल, तक ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किया जाए उसे सूचित किया जाए।

(3) यह कि उक्त इंस्टिट्यूट अपनी कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों की तथा अपनी परिसंपत्तियां, देनदारियां दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक-एक प्रति, प्रतिवर्ष 30 जून तक विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगी तथा इन दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित आयकर आयुक्त को भेजेगा।

संस्था

"ई.एफ.आई. सोशल एंड लेबर रिसर्च फाऊंडेशन, बम्बई"।

यह अधिसूचना 22 मार्च, 1984 से 21 मार्च, 1986 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं. 6145/फा.सं. 203/256/83-आ.क.-नि. II]

(Department of Revenue)

New Delhi, the 4th January, 1985

INCOME-TAX

S.O. 1207.—It is hereby notified for general information that the Institution mentioned below has been approved by Department of Science & Technology, New Delhi, the Prescribed Authority for the purposes of clause (iii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 of the Income-tax Rules, 1962 under the category "Institution" subject to the following conditions :—

(i) That the EFI Social and Labour Research Foundation will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research.

(ii) That the said Institute will furnish annual returns of its scientific research activties to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(iii) That the said Institute will submit to the Prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expenditure and balance sheet showing its assets and liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income-tax.

INSTITUTION

"EFI Social and Labour Research Foundation, Bombay."

This notification is effective for a period of two years from 22nd March, 1984 to 21st March, 1986.

[No. 6145/F. No. 203/256/83-IT-A II]

नई दिल्ली, 16 फरवरी, 1985

(आयकर)

का.आ. 1208.—इस कार्यालय की दिनांक 7-7-82 की अधिसूचना सं. 4788 (फा. सं. 203/169/80-आ.क.नि. II) के सिलसिले में, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम 1962 के नियम 6 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (ii) के प्रयोजनों के लिए "संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है :—

1. यह कि कृष्णामूर्ति फाउंडेशन इंडिया मद्रास प्राकृतिक तथा अनुप्रयुक्त विज्ञानों के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए उसके द्वारा प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगी तथा उनन्यतः उन्हें दिनांक 13-3-1982 के अपने पत्र सं. 11/2/82—कृ में यथा उल्लिखित सेंटर फार अप्लिकेशन आफ माइक्रो प्रोसेसर्स में अनुसंधान के लिए ही प्रयुक्त करेगी।

(2) यह कि उक्त संस्था अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी, विहित प्राधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किया जाए और उसे सूचित किया जाए।

(3) यह कि उक्त संस्था अपनी कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों की तथा अपनी परिसंपत्तियां, देनदारियां दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक-एक प्रति, प्रतिवर्ष 30 जून तक विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगी तथा इन दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित आयकर आयुक्त को भेजेगी।

संस्था

"कृष्णा मूर्ति फाउन्डेशन इण्डिया, मद्रास"।

यह अधिसूचना 8/6/84 से 30/6/85 तक की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं. 6155/फा.सं. 203/213/84-आ.क-नि. II]

गिरीश दवे, अवर सचिव

New Delhi, the 16th February, 1985

INCOME-TAX

S.O. 1208.—In continuation of this Office Notification No. 4788 (F. No. 203/169/80-ITA.II) dated 7-7-82, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Department of Science & Tech notified for general information that the institution mentioned of clause (ii) of sub-section (1) of section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 of the Income-tax Rules, 1962 under the category "Institution" subject to the following conditions :—

(i) That Krishnamurti Foundation India, Madras will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of natural and applied sciences and solely apply them for research in Centre for application of Micro Processors as outlined in their letter No. 11/2/81 KRI, dated 13-3-82.

(ii) That the said Foundation will furnish annual returns of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(iii) That the said Foundation will submit to the Prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expenditure and balance sheet showing its assets liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income-tax.

INSTITUTION

Krishnamurti Foundation India, Madras.

This Notification is effective for a period from 8-6-84 to 30-6-85.

[No. 6155 (F. No. 203/213/84-ITA.II)]
GIRISH DAVE, Under Secy.

नई दिल्ली, 22 फरवरी, 1985

(आय-कर)

का.आ. 1209.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा (2) (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा उक्त धारा के प्रयोजनार्थ, "श्री सारंगपाणी स्वामी टेम्पल, कुम्बकोणम, तमिलनाडु" को सम्पूर्ण तमिलनाडु राज्य में विख्यात सार्वजनिक पूजा स्थल के रूप में अधिसूचित करती है ।

[सं. 6161/फा. सं. 176/74/84-आ.क. नि. I]

New Delhi, the 22nd February, 1985

(INCOME-TAX)

S.O. 1209.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Sri Sarangapani Swamy Temple, Kumbakonam, Tamil Nadu" to be place of public worship renown throughout the State of Tamil Nadu.

[No. 6161/F. No. 176/74/84-IT(AI)]

नई दिल्ली, 1 मार्च, 1985

(आय-कर)

का.आ. 1210.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23ग) के उप-खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त धारा के प्रयोजनार्थ "डोहनावुर फैलोशिप" को कर-निर्धारण वर्ष 1983–84 से 1985–86 तक के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए अधिसूचित करती है ।

[सं. 6167/फा. सं. 197/215/82-आ.क. (नि.-1)]
पी. सक्सेना, उप सचिव ।

New Delhi, the 1st March, 1985

(INCOME-TAX)

S.O. 1210.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (V) of clause (23C) of Section 10 of the Income-tax Act 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Dohnavur Fellowship" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1983-84 to 1985-86.

[No .6167/F. No. 197/215/82-IT(AI)]
P. SAXENA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 14 मार्च, 1985

आदेश

का.आ. 1211.—भारत सरकार के संयुक्त सचिव जिसे विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन विशेष रूप से सशक्त किया गया है, उक्त उपधारा के अधीन आदेश फा. सं. 673/149/84 सी० शु० 8 तारीख 6-8-1984 यह निदेश देते हुए जारी किया था कि श्री विजय आर. वाघानी, पुत्र स्वर्गवासी रामकिलाल लल्लूभाई वाघानी, 20, अलेक्जेन्डर कोर्ट, 60/1 चौरंगी रोड़ कलकत्ता को माल की तस्करी करने और माल की तस्करी करवाने के लिए दुष्प्रेरित करने से निवारित करने की दृष्टि से प्रेसीडेंसी जेल कलकत्ता में निरुद्ध कर लिया जाए और अभिरक्षा में रखा जाए ;

2. केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या अपने को छिपा रहा है जिससे उस आदेश का निष्पादन नहीं हो सकता है ; और

3. अतः, अब, केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्वोक्त व्यक्ति को निदेश देती है कि इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन के 7 दिन के भीतर पुलिस आयुक्त, कलकत्ता के समक्ष हाजिर हो ।

[फा. सं. 673/149/84—सी.शु. VIII]

New Delhi, the 14th March, 1985

ORDERS

S.O. 1211.—Whereas the Joint Secretary to the Government of India, specially empowered under section (1) of section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued order F. No. 673/149/84-Cus. VIII, dated 6-8-1984 under the said sub-section directing that Shri Vijay R. Vaghani, son of Late Ramkilal Lallubhai Vaghani of 20, Alexander Court, 60/1, Chowringhee Road, Calcutta be detained and kept in custody in the Presidency Jail, Calcutta with a view to preventing him from smuggling goods and abetting the smuggling of goods.

2. Whereas the Central Government has reason to believe that the aforesaid person has absconded or is concealing himself so that the order cannot be executed; and

3. Now, therefore, in exercise of power conferrd by clause (b) of sub-section (1) of section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, Calcutta within 7 days of the publication of this order in the official Gazette.

[F. No. 673/149/84-Cus. VIII]

का.आ. 1212.—भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने, जिसे विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन विशेष रूप से सशक्त किया गया है, उक्त उपधारा के अधीन आदेश फा. सं. 673/150/84

सी शु. 8 तारीख 6-8-1984 को यह निदेश देते हुए जारी किया था कि श्री दीपक आर. वाधानी उर्फ कुमार, पुत्र स्वर्गवासी रामकिलाल लल्लूभाई वाधानी, 41, अलेक्जेंडर कोर्ट, 60/1, चौरंगी रोड़ कलकत्ता को माल की तस्करी करने और माल की तस्करी करवाने के लिए दुष्प्रेरित करने से निवारित करने की दृष्टि से प्रेसीडेंसी जैल कलकत्ता में निरुद्ध कर लिया जाए और अभिरक्षा में रखा जाए ;

2. केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या अपने को छिपा रहा है जिससे उस आदेश का निष्पादन नहीं हो सकता है ; और

3. अतः, अब, केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्वोक्त व्यक्ति को निदेश देती है कि इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन के 7 दिन के भीतर पुलिस आयुक्त, कलकत्ता के समक्ष हाजिर हो।

[सं. फा. 673/150/84-सी. शु. VIII]

एम. जी. वेणुगोपालन, उप सचिव

S.O. 1212.—Whereas the Joint Secretary to the Government of India, specially empoewered under sub-section (1) of section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act. 1974 (52 of 1974) issued order F. No. 673/150/84-Cus. VIII dated 6-8-1984 under the said sub-section directing that Shri Dipak R. Vaghani Alias Kumar, Son of Late Ramkilal Lallubhai Vaghani of 41, Alexander Court, 60/1, Chowringhee Road, Calcutta be detained and kept in custody in the Presidency Jail, Calcutta with a view to preventing him from smuggling goods and abeting the smuggling of goods;

2. Whereas the Central Government has reason to believe that the aforesaid person has absconded or is concealing himself so that the order cannot be executed; and

3. Now, therefore, in exercise of power conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, Calcutta within 7 days of the publication of this order in the official Gazette.

[F. No. 673/150/84-Cus. VIII]

M. G. VENUGOPALAN, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 1985

आयकर

का. आ. 1213.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (44) के उपखंड (iii) के अनुसरण में श्री एल. टी. मखीजानी को कर वसूली अधिकारी के रूप में नियुक्त करने वाली वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की 21 मई, 1984 की अधिसूचना सं. 5818 (फा. सं. 398/27/83-आ. का. (ब.) में जारी की गई अधिसूचना को एतद्द्वारा रद्द किया जाता है।

[सं. 6125/फा. सं. 398/36/84-आ. क. (ब)]

New Delhi, the 4th February, 1985

INCOME-TAX

S.O. 1213.—The notification issued in the Ministry of Finance (Department of Revenue) No. 5818 (F. No. 398/27/83-IT(B) dated the 21st May, 1984, in pursuance of sub-clause (iii) of Clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) appointing Shri L. T. Makhijani as Tax Recovery Officer is hereby cancelled.

[No. 6125/F. No. 398/36/84-IT(B)]

का. आ. 1214.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (44) के उपखंड (iii) के अनुसरण में केन्द्र सरकार उक्त अधिनियम के अंतर्गत कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए केन्द्र सरकार का राजपत्रित अधिकारी होने के नाते श्री एल० टी. मखीजानी को 15/7/83 से 14/5/84 तक केन्द्र सरकार भूत प्रभावी प्राधिकार देती है।

[सं. 6127/फा. सं. 398/36/84-आ. क. (ब)]

S.O. 1214.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), ex-post-facto authorisation of the Central Government is hereby conveyed to Shri L. T. Makhijani being a Gazetted Officer of Central Government to the exercise of the powers of a Tax Recovery Officer under said Act from 15-7-83 to 14-5-84.

[No. 6127/F. No. 398/36/84-IT(B)]

का. आ. 1215.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (44) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में नीचे स्तम्भ 2 में वर्णित व्यक्तियों को जो कि केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अंतर्गत कर वसूली अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक के नामके सामने दी गयी अवधि के लिए भूत प्रभावी अप्राधिकार सूचित किया जाता है :—

क्रम सं.	कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत व्यक्तियों के नाम	अवधि जिसमें प्राधिकार का संबंध है
1.	सर्वश्री एस. आर. बिजानी	4/6/82 से 22/4/83
2.	डब्ल्यू. एम. पठानी	15/7/83 से 22/8/83
3.	के. एन. जठानी	2/9/83 से 31/12/83
4.	एस. एस. भोसले	30/8/82 से 14/5/84
5.	एन. सुब्रमण्यन्	26/5/82 से 3/10/83
6.	बी. चेल्लाप्पन	27/7/82 से 14/5/84

[सं० 6129/फा० सं० 398/36/84-आ०क० (ब)]

S.O. 1215.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), ex-post-facto authorisation of the Central Government is hereby conveyed to the persons mentioned below in column 2 being Gazetted Officers of Central Government, to the exercise of the powers of Tax Recovery Officers under the said Act for the periods mentioned against each :—

S.N.	Name of the persons authorised to exercise powers of TROs.	Periods for which the authorisation relates
1	2	3
1.	S/Shri S.R.Bijani	from 4-6-82 to 22-4-83
2.	W.M. Pathai	from 15-7-83 to 22-8-83
3.	K.N. Jathani	from 2-9-83 to 31-12-83
4.	S.S. Bhosale	from 30-8-82 to 14-5-84
5.	N.Subramanian	from 26-5-82 to 30-10-83
6.	B. Chellappan	from 27-7-82 to 14-5-84

[No. 6129/F. No. 398/84/-IT(B)]

का. आ. 1216.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (44) के उपखंड (iii) के अनुसरण में, नीचे स्तम्भ 2 में उल्लिखित व्यक्तियों को, जो कि केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अंतर्गत कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए, नीचे स्तम्भ 3 में दी गई तारीख (तारीखों) से केन्द्रीय सरकार का भूत प्रभावी प्राधिकार एतद्द्वारा सूचित किया गया है :—

क्रम सं.	कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति का नाम	जिस तारीख से कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया गया
1	2	3
1.	सर्व/श्री एन. ए. काजी	14-5-1984
2.	एस. आर. तांबे	यथोपरि
3.	वी. बी. काले	यथोपरि
4.	के. पी. डी. नायर	यथोपरि
5.	जी. टी. हेमनानी	यथोपरि
6.	एच. एम. वचानी	यथोपरि
7.	नूर अहमद	यथोपरि
8.	आर. बी. सीतलानी	16-8-34
9.	के. प्रसन्नान	यथोपरि
10.	के. पी. त्रिपाठी	यथोपरि
11.	आर. ए. वैशम्पायन	यथोपरि
12.	एस. डी. सबनीस	यथोपरि
13.	डी. एच. शाहनी	यथोपरि
14.	राम जयराम	14-8-84
15.	एस. जे. वैंगनकर	3-9-84
16.	डी. वी. काटे	यथोपरि
17.	ए. के. दास	यथोपरि
18.	श्रीमती एम. सी. पारेख	यथोपरि
19.	श्री एस. आर. बीर	यथोपरि
20.	श्रीमती ए. डी. तेरेदेसाई	26-5-82
21.	कु. पी. एस. इदनानी	6-10-83
22.	सर्व/श्री आर. के. कोसांबिया	15-7-83
23.	डी. पी. मालवीय	18-7-83
24.	आर. डी. परेरा	यथोपरि
25.	मनोज मिश्र	29-10-83

[सं. 6131/फा. सं. 398/36/84-आ. क. (ब.)]

S.O. 1216.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), ex-post-facto authorisation of the Central Government is hereby conveyed to the persons mentioned below in Column 2 being Gazetted Officres of Central Government, to exercise of the power of a Tax Recovery Officer under the said Act from the date(s) mentioned in Column 3 below :—

S. No.	Name of the person authorised to exercise the powers of TROs	Date from which the persons authorised to exercise the powers of TROs
1	2	3
1.	S/Shri N.A. Kazi	14-5-1984
2.	S.R. Tambe	—do—
3.	V.B. Kale	—do—
4.	K.P.D. Nair	—do—
5.	G.T. Hemani	do—
6.	H.M. Bachani	—do—
7.	Noor Ahmed	—do—
8.	R.B. Sitlani	16-8-1984
9.	K. Prasannan	—do—
10.	K. P. Tripathi	—do—
11.	R.A. Vaishampayan	—do—
12.	S.D. Sabnis	—do—
13.	D.H. Shahaney	—do—
14.	Ram Jai Ram	14-8-1984
15.	S.J. Waingankar	3-9-1984
16.	D.V. Kate	—do—
17.	A.K. Das	—do—
18.	Mrs. M.C. Parakh	—do—
19.	Shri S.R. Veer	—do—
20.	Shri A.D. Taradesai	26-5-1982
21.	Mrs. P.S. Idnani	6-10-1983
22.	Shri P.K. Kosambia	15-7-1983
23.	D.P. Malviya	18-7-1983
24.	R.D. Pareira	—do—
25.	Manoj Mishra	29-10-1983

[No. 6131/F. No. 398/36/84-IT(B)]

शुद्धि-पत्र

आयकर

का. आ. 1217.—दिनांक 21-5-1984 की अधिसूचना सं. 5830/(फा. सं. 398/27/83-आ. क. (ब) में दिये गये नाम "श्री ए. के. थडानी" को "श्रीमती ए. के. थडानी" पढ़िए।

[सं० 6133/फा० सं० 398/36/84-आ०क० (ब)]

बी. ई. अलैक्जैंडर, अवर सचिव

CORRIGENDUM

INCOME-TAX

S.O. 1217.—The name "Shri A. K. Thadani" appearing in the Notification No. 5830 [F. No. 398/27/83-IT(B)] dated 21-5-1984 may be read as "Smt. A. K. Thadani".

[No. 6133/F. No. 398/36/84-IT(B)]

B. E. ALEXANDER, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 4 मार्च, 1985

का. आ. 1218.—निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 (1961 का 47) की धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (घ) के उपबंधों के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ परामर्श करने के पश्चात्, एतद्द्वारा श्री आर. वी. माधव राव प्रबंध निदेशक, भारतीय साधारण बीमा निगम को 25 मार्च, 1985 से प्रारम्भ होने वाली और 23 नवम्बर, 1985 को समाप्त होने वाली और अवधि के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के निदेशक के रूप में पुनः नामित करती है।

[संख्या एफ. 6/9/82-बी. ओ.-I]

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 4th March, 1985

S.O. 1218.—In pursuance of the provisions of clause (d) of sub-section (1) of section 6 of the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation Act, 1961 (47 of 1961), the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby renominates Shri R. V. Madhava Rao, Managing Director, General Insurance Corporation of India as a Director of the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation for a further period commencing from the 25th March, 1985 and ending with the 23rd November, 1985.

[No. F. 6/9/82-BO.I]

नई दिल्ली, 11 मार्च, 1985

का.आ. 1219.—औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री पी. मुरारी, अपर सचिव, उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली को श्री एस.एल. कपूर के स्थान पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक के रूप में नामित करती है।

[संख्या एफ. 7-9-85-बी.ओ.-I]

New Delhi, the 11th March, 1985

S.O. 1219.—In pursuance of clause (b) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Finance Corporation Act, 1948 (15 of 1948), the Central Government hereby nominates Shri P. Murari, Additional Secretary, Ministry of Industry, Department of Industrial Development, New Delhi as a Director of the Industrial Finance Corporation of India vice Shri S. L. Kapur.

[No. F. 7/9/85-BO.I]

का.आ. 1220.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 8 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अनुसरण में और भारत सरकार के आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) की दिनांक 11 जुलाई, 1983 अधिसूचना संख्या एफ. 7/5/83-बी.ओ.-I(1) का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एस. वेंकिटरमणन, वित्त सचिव, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली को भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड में निदेशक नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 7/6/85-बी.ओ.-1(1)]

S.O. 1220.—In pursuance of clause (d) of sub-section (1) of section 8 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934) and in supersession of the notification of the Government of India in the Department of Economic Affairs (Banking Division) No. F. 7/5/83-BO I (1) dated 11th July, 1983, the Central Government hereby nominates Shri S. Venkitaramanan, Finance Secretary in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi to be a Director on the Central Board of the Reserve Bank of India.

[No. F. 7/6/85-BO.I(1)]

का.आ. 1221.—भारतीय निर्यात-आयात बैंक अधिनियम, 1981 (1981 का 28) की धारा 6 की उपधारा 1) के खण्ड (क) के उपखंड (i) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एस. वेंकिटरमणन, वित्त सचिव, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली को श्री पी.के. कौल के स्थान पर भारतीय निर्यात-आयात बैंक के निदेशक मण्डल में निदेशक के रूप में मनोनीत करती है।

[संख्या 7/6/85-बी.ओ.-I(2)]

S.O. 1221.—In pursuance of sub-clause (i) of clause (a) of sub-section (1) of section 6 of Export-Import Bank of India Act, 1981 (28 of 1981), the Central Government hereby nominates Shri S. Venkitaramanan, Finance Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the Board of Directors of Export-Import Bank of India vice Shri P. K. Kaul.

[No. F. 7/6/85-BO.I(2)]

का.आ. 1222.—औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (ग) के उपखंड (i) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली में सचिव (बैंकिंग) और मुख्य आर्थिक सलाहकार डा. विमल जालान को श्री पी.के. कौल के स्थान पर भारतीय औद्योगिक विकास बैंक का निदेशक नामित करती है।

[संख्या एफ. 7/6/85-बी.ओ.-I(3)]

एस.एस. हसूरकर, निदेशक

S.O. 1222.—In pursuance of sub-clause (i) of clause (c) of sub-section (1) of section 6 of the Industrial Development Bank of India Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby nominates Dr. Bimal Jalan, Secretary (Banking) and Chief Economic Advisor in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as the Director of the Industrial Development Bank of India vice Shri P. K. Kaul.

[No. F. 7/6/85-BO.I(3)]

S. S. HASURKAR, Director

नई दिल्ली, 6 मार्च, 1985

का. आ. 1223.—बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 उपधारा (1) के उपबंध इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 जून, 1987 तक विजय कमर्शियल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, राजकोट पर लागू नहीं होंगे।

[एफ. सं. 8-1/85/ए. सी.]
अमर सिंह, अवर सचिव

New Delhi, the 6th March, 1985

S.O. 1223.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of Section 11 of the said Act shall not apply to the Vijay Commercial Co-operative Bank Ltd., Rajkot, for the period from the date of publication of this notification in the Gazette of India to 30th June, 1987.

[F. No. 8-1/85-AC]
AMAR SINGH, Under Secy.

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 1985

का. आ. 1224.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और कारपोरेशन बैंक के परामर्श से निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का नाम चिकमगलूर-कोडागू ग्रामीण बैंक (बोर्ड के अधिवेशन) नियम 1985 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. परिभाषा :—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) अभिप्रेत है ।

(ख) "बैंक" से चिकमगलूर-कोडागू ग्रामीण बैंक अभिप्रेत है ।

(ग) ऐसे शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित है वही अर्थ हैं, जो उनको अधिनियम में हैं ।

3. बोर्ड के अधिवेशनों की न्यूनतम संख्या :—एक वर्ष में बोर्ड के कम से कम छह अधिवेशन होंगे और हर तिमाही में कम से कम एक अधिवेशन होगा ।

4. अधिवेशनों का संयोजन :—अधिवेशनों का संयोजन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा ।

5. अधिवेशनों का स्थान :—बोर्ड के अधिवेशन बैंक के मुख्य कार्यालय में अथवा अधिसूचित क्षेत्र में किसी ऐसे अन्य स्थान पर होंगे, जिसे बोर्ड विनिश्चित करे ।

6. अधिवेशन की सूचना तथा कारबार की सूची :—(1) (क) बोर्ड के प्रत्येक अधिवेशन का समय एवं स्थान अध्यक्ष द्वारा विनिश्चित किया जायेगा ।

(ख) बोर्ड के अधिवेशन के लिए प्रत्येक निदेशक को अधिवेशन की तारीख से साधारणतः कम से कम पन्द्रह दिन की सूचना दी जायेगी और प्रत्येक निदेशक को यह सूचना उसके द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट पते पर भेजी जायेगी ।

(ग) अधिवेशन में किये जाने के लिए प्रस्तावित कारबार की सूची उक्त सूचना के साथ ही परिचालित की जायेगी ।

(घ) उस कारबार के सिवाय जिसके लिए अधिवेशन बुलाया गया है, कोई अन्य कारबार अधिवेशन के अध्यक्ष तथा उपस्थित निदेशकों की बहुसंख्या की सहमति के बिना तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि उस कारबार के बारे में अध्यक्ष को एक सप्ताह की लिखित सूचना नहीं दे दी गयी है ।

(2) यदि बोर्ड का आपात अधिवेशन बुलाना आवश्यक हो तो प्रत्येक निदेशक को पर्याप्त समय पूर्व सूचना दी जायेगी ।

7. बोर्ड का विशेष अधिवेशन :—(1) अध्यक्ष, इस प्रयोजन के लिए कम से कम चार निदेशकों से मांग प्राप्त होने पर, बोर्ड का अधिवेशन बुलायेगा ।

(2) इस मांग में उस प्रयोजन का उल्लेख होगा, जिसके लिए अधिवेशन बुलाने की अपेक्षा की गयी है ।

(3) अधिवेशन मांग प्राप्त होने की तारीख से 21 दिन के भीतर ही बुलाया जायेगा ।

8. बोर्ड के अधिवेशन के लिए गणपूर्ति निदेशकों की कुल संख्या के एक तिहाई या चार की, इनमें से जो अधिक हो, होगी ।

परन्तु जहां इस अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (4) के उपबंध के कारण कोई निदेशक बोर्ड के अधिवेशन में विचार-विमर्श में भाग लेने के अथवा मत देने में अनर्थ हो, वहां गणपूर्ति तीन की होगी ।

9. गणपूर्ति न होने के कारण अधिवेशन का स्थगन :— यदि बोर्ड का अधिवेशन, गणपूर्ति न होने के कारण नहीं हो सका हो तो अधिवेशन अगले सप्ताह में उसी दिन, उसी स्थान एवं समय के लिए, अथवा यदि वह दिन सार्वजनिक अवकाश-दिन हो, तो उससे अगले दिन, जो सार्वजनिक अवकाश-दिन न हो, उसी समय और उसी स्थान के लिये स्वतः स्थगित हो जायेगा ।

परन्तु जहां गणपूर्ति न होने के कारण स्थगित अधिवेशन में कोई निदेशक अनुपस्थित रहा हो, वहां अध्यक्ष जिस तारीख तक के लिये अधिवेशन स्थगित हो, उससे पूर्व उस निदेशक को यह सूचना भेजेगा कि गणपूर्ति न होने के कारण उस तारीख को अधिवेशन नहीं हुआ ।

10. परिचालन द्वारा कारबार :—(1) यदि अध्यक्ष ऐसा निदेश दे, तो बोर्ड द्वारा किये जाने वाले कारबार को कागजों के परिचालन द्वारा निदेशकों (भारत से बाहर गये निदेशकों से भिन्न) को निर्दिष्ट किया जा सकता है।

(2) कोई भी कारबार जिसे उपनियम (1) के अन्तर्गत परिचालित किया गया हो और उन निदेशकों के बहुमत द्वारा अनुमोदित किया जा चुका हो, जिन्होंने अपने विचार लेखबद्ध किये हों, उसी प्रकार प्रभावी और आबद्धकार होगा मानों ऐसा कारबार अधिवेशन में उपस्थित निदेशकों के बहुमत द्वारा विनिश्चित किया गया हो ।

(3) परिचालन द्वारा पारित कोई मामला बोर्ड द्वारा उस तारीख को पारित किया गया माना जायेगा जिस तारीख को उस मामले पर अन्तिम हस्ताक्षरकर्ता ने हस्ताक्षर किये हों ।

(4) यदि कोई मामला परिचालित किया जाता है तो उस परिचालन परिणाम से सभी निदेशकों को संसूचित किया जायेगा ।

(5) कागजों के परिचालन द्वारा किसी प्रश्न पर किये गये सभी निर्णयों को अभिलेख के लिये अगले अधिवेशन में रखा जायेगा ।

11. कारबार के अभिलेख :—(1) (क) बोर्ड के अधिवेशनों के कार्यवृत्तों को पुस्तकों (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् कार्यवृत्त पुस्तक कहा गया हो) में रखा जायेगा ।

(ख) कार्यवृत्त पुस्तक का हर पृष्ठ, यथास्थिति, अध्यक्ष अथवा निदेशक, जिसमें अधिवेशन की अध्यक्षता की हो, द्वारा आद्यक्षरित या हस्ताक्षरित किया जायेगा तथा ऐसी पुस्तक में प्रत्येक अधिवेशन की कार्यवाहियों के अभिलेख के अन्तिम पृष्ठ पर तारीख डाली जायेगी ।

(2) प्रत्येक अधिवेशन की समाप्ति के पश्चात् यथाशीघ्र इन कार्यवृत्तों की प्रतियां प्रत्येक निदेशक को भेजी जायेंगी ।

(3) जब कोई कारबार या कागजों के परिचालन द्वारा किया जाये तो इस प्रकार किये गये कारबार के अभिलेख की अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा और कार्यवृत्त पुस्तक में उसकी प्रविष्टि की जायेगी ।

(4) प्रत्येक अधिवेशन के कार्यवृत्त पुष्टि के लिये अगले अधिवेशन में रखे जायेंगे ।

(5) अधिवेशनों के वे कार्यवृत्त, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार रखे जायेंगे, उनमें अभिलिखित कार्यवाहियों का साक्ष्य होंगे ।

[सं. एफ. 12-5/85-आर आर बी (1)]

New Delhi, the 28th February, 1985

S.O. 1224.—In exercise of the powers conferred by section 29 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India and Corporation Bank hereby makes the following rules, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Chikmagalur-Kodagu Grameena Bank (Meetings of Board) Rules, 1985.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) "Act" means the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976).

(b) "bank" means the Chikmagalur-Kodagu Grameena Bank.

(c) words and expressions used herein and not defined but defined in the Act have the meanings, respectively, assigned to them in the Act.

3. Minimum number of meetings of the Board.—The Board shall hold at least six meetings in a year and at least one meeting in every quarter.

4. Convening of meetings.—Meetings of the Board shall be convened by the Chairman.

5. Venue of the meetings.—The meetings of the Board shall be held at the head office of the bank or at such other place in the notified areas as the Board may decide.

6. Notice of meeting and list of business.—(1) (a) The Chairman shall decide the time and place of every meeting of the Board.

(b) A notice of not less than fifteen days shall ordinarily be given to every director for a meeting of the Board and the notice shall be sent to every director at the address specified by him in this behalf.

(c) A list of business proposed to be transacted at the meeting shall be circulated alongwith the notice.

(d) No business, other than that for which the meeting was convened, shall be transacted at a meeting of the Board except with the consent of the Chairman of the meeting and a majority of the Directors present unless one week's notice of such business has been given in writing to the Chairman.

(2) Where it is necessary to call an urgen meeting of the Board, a notice of not less than seven days shall be given to each director.

7. Special meeting of the Board.—(1) The Chairman shall call a meeting of the Board after a requisition for that purpose has been received by him from not less than four directors.

(2) The requisition shall state the purpose for which the meeting is required to be called.

(3) The meeting shall be called not later than twenty-one days from the date of receipt of the requisition.

8. Quorum for a meeting.—A quorum for a meeting of the Board shall be one-third of the total number of directors or four whichever is higher.

Provided that where by reason of the provision of sub-section (4) of section 14 of the Act any director is unable to take part in the discussion of, or vote at, a meeting of the Board, the quorum shall be three.

9. Adjournment of meeting for want of quorum.—If a meeting of the Board could not be held for want of quorum, then the meeting shall automatically stand adjourned till the same day in the next week, at the same time and place or if that day is a public holiday, till the next succeeding day which is not a public holiday, at the same time and place :

